

राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स को सम्मानित करते माननीय कुलपति प्रो. सुरिन्दर सिंह

**दिनांक : 15 फरवरी, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने सम्मानित किया।

कैडेट्स को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि अपने अदम्य शौर्य और अनुशासन से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कैडेट अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे है।

एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कैडेट श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे है। कैडेट्स को राष्ट्र हित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। प्रतियोगिता से आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि एनसीसी, कैडेट्स को राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित करता है। मेडल्स जीवन के हर क्षेत्र में आपको नए चुनौतियों के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय 102 यू.पी. बटालियन यूनिट के ए.एन.ओ. डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने यूनिट का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में डेयर डेविल्स, गार्ड ऑफ आनर, युवा दिवस, और कारगिल दिवस पर हुए प्रतियोगियों के सभी प्रतिभागियों को मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में सागर जायसवाल, खुशी गुप्ता, अभिषेक चौरसिया, आदित्य विश्वकर्मा, अमित चौधरी, कृष्णा त्रिपाठी, हर्षव साहनी, आशुतोष मणि त्रिपाठी, सागर यादव, आशुतोष सिंह, अनुभव, प्रियेश राम त्रिपाठी, शिवम सिंह, खुशी यादव, शालनी चौहान, चांदनी निषाद, अमृता कन्नौजिया, अस्मिता सिंह, श्रद्धा उपाध्याय, संजना शर्मा, प्रीति शर्मा, आंचल पाठक, द्राक्षा बानो, गौरी कुशवाहा, अरुण विश्वकर्मा, विकास यादव, अभिषेक मिश्रा, अरविंद विश्वकर्मा, ज्ञानेश्वर प्रताप मौर्या, शिखर पाण्डेय, नीलेश यादव, आलोक दीक्षित, आदित्य सिंह, अनुभव पाण्डेय, मनीष गुप्ता, अमन चौरसिया, आलोक सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, आदित्य पांडेय, रघुवीर प्रताप, अतिका तिवारी, उजाला सिंह, अनुराधा, काजल गौतम, पार्वती साहनी, अंजली सिंह, काजल, को सम्मानित किया गया।